तापमान
अधिकतम 14.5 डिग्री
न्यूनतम 3.8 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024

13 मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में हिस्सा लिया

14 पीएम ने शिक्षा में किया बड़ा बदलाव : राज्यपाल


# पुलिस लाइन में मनेगा गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद नायब सिंह सैनी फहराएंगे तिरंगा
- कड़ी सुरक्षा,1550 पुलिस कर्मचारी किए तैनात

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद नायब सैनी पहुंचेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी है। जिले के 1550 पुलिसकर्मियों को सुरक्षा में लगा दिया है। पुलिसकर्मी आने-जाने वालों पर निगरानी रखे हुए हैं। विभिन्न चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर तैनात पुलिस कर्मचारी व्यवस्था पर बराबर नजर रखे हुए हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को कड़ी करते हुए जिले की सीमाओं को भी पूरी तरह सील कर दिया गया। जिले में करीब 26 स्थानों पर पुलिस नाके लगाए गए हैं।

पुलिस ने सुरक्षा को बेहतर करने के लिए 1550 जवानों को नियुक्त किया गया है। विभिन्न चौराहों पर 26 पुलिस नाके लगाए हैं। 31 पीसीआर व 73 राइडर को लगातार गश्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही 26 डायल-112 की टीम भी लगातार गश्त कर रही हैं। सोनीपत शहर के साथ ही खंड स्तर पर गन्नौर, गोहाना, खरखौदा में अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया जाएगा। समारोह के आसपास के एरिया में पुलिस ने नाके लगाने के साथ फोर्स तैनात की है। शहर में 10 नाके लगाए हैं। हर नाके पर 6-6 जवान तैनात रहेंगे। गोहाना रोड भारी वाहनों को नहीं निकलने दिया जाएगा। वहीं पुलिस के महिला-पुरुष तथा होमगार्ड के जवानों विद्यार्थियों के साथ मार्च पास्ट करेंगे। परेड के उपरांत पीटी-शो का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके पश्चात देशभक्ति के संदेश के साथ सांस्कृतिक समृद्धि लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिसमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसवां मील, रेनू विद्या मंदिर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल, राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माडल टाउन, शिवा शिक्षा सदन, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर बारोटा के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

### कार्यक्रम को लेकर रूट डायवर्ट

शहर में सन सिटी मॉल के पास, हनुमान मंदिर के पास, सीआईडी कार्यालय के पास, छोटू राम चौक, पंचायत भवन, तिरंगा चौक, ककरोई चौक, गीता भवन चौक, मामा भांजा चौक, विवेकानंद चौक, अग्रसेन चौक के पास नाके लगाए हैं। वहीं जिलास्तरीय कार्यक्रम को लेकर जिले में छोटूराम चौक, महलाना रोड निकट शमशान घाट, टी-प्वाइंट महलाना रोड निकट डीसी कॉलोनी, टी-प्वाइंट गढी ब्राह्मणान मोड़, सोनीपत गोहाना रोड व हनुमान मंदिर एवं सैनिक रेस्ट हाउस के साथ नाके लगाए गए हैं। इन नाकों पर लगा पुलिस बल इन मार्गों से आने-जाने वाले वाहनों को मार्ग परिवर्तित करवाकर दूसरे मार्गों से रवाना करेगा।

# विद्यार्थियों ने शहीदों को किया नमन



**गोहाना।** देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देश के शहीदों एवं महापुरुषों को नमन किया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन स्कूल की एमडी रीना मलिक का रहा। अध्यक्षता प्राचार्य वीरेंद्र सिंह मलिक ने की। समारोह में विद्यार्थियों ने हरियाणवी समूह व एकल नृत्य, समूह गायन और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने नारा एवं स्लोगन लेखन से भी देश के शहीदों और महापुरुषों का स्मरण करते हुए उनको श्रद्धांजलि दी।















## खबर संक्षेप

### पोस्टर प्रतियोगिता में राधिका ने बाजी मारी

**गोहाना।** शहर में मेन बाजार स्थित जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा 10 की छात्रा राधिका प्रथम रही। कक्षा 8 की छात्रा अंशिका द्वितीय, इसी कक्षा की डिंपी तृतीय रही। कक्षा 7 की संतोषी और जतिन, कक्षा 6 की शगुन की पेंटिंग भी उत्कृष्ट रहीं।

### बेगा में व्यक्ति से 89 हजार 510 रुपये की ठगी

**गन्नौर।** साइबर ठगों ने बेगा गांव के एक व्यक्ति को अपनी ठगी का शिकार बनाया है। ठगों ने व्यक्ति के खाते से 89 हजार 510 रुपये साफ कर दिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में बेगा गांव के रहने वाले रजनीश कुमार ने बताया कि एक्सिस बैंक ब्रांच टेहा में उसका खाता है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके खाते से दो बार में 89 हजार 510 रुपये निकाल कर अलग-अलग खातों में डलवा दिए। रजनीश ने बताया कि उसके खाते से रुपये आईसीआईसीआई की महाराष्ट्र की पनवेल ब्रांच में एनएएम कंसल्टिंग इंजीनियर एंड कान्टेक्ट के खाते में व इंडसइंड बैंक की नया बाजार दिल्ली की ब्रांच में राधे टेडर्स के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं।

### मानव दुनिया की सर्वश्रेष्ठ जाति : सोमवीर आर्य

**खरखौदा।** राष्ट्रीय आर्य छात्र सभा की तरफ से स्वामी दयानंद स्कूल, सिसाना में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर सोमवीर आर्य ने जाति-पाति, मत, पंथ, संप्रदाय, ऊंच-नीच, छुआछूत जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हम सब की एक ही जाति है, मनुष्य जाति है। मनुष्य जाति मुख्य रूप से सम्मान, सहयोग, उन्नति, सुरक्षा का कार्य करती है। वर्तमान में कुछ लोग हमें धर्म ,जाति के नाम पर बांटना चाहते हैं। इसलिए हमे जागरूक रहना चाहिए।

## चीनी मिल में किसानों को 90 प्रतिशत ऑनलाइन सुविधा प्रदान की जा रही

# मिल ने गन्ना उत्पादक किसानों को दी मेरी पर्ची-मेरी मर्जी सॉफ्टवेयर की सौगात

**अपनी मर्जी से एप के जरिए गन्ना बुक कर पाएंगे जिले के किसान**

- चीनी मिल की तरफ से एप पर लॉच किया सॉफ्टवेयर, देश भर में ऐसी सुविधा देने वाला पहला चीनी मिल बना
- एक के बाद एक कारनामों को स्थापित करने में सफल हो रहा सोनीपत चीनी मिल प्रबंधन
- 1 फरवरी से मेरी पर्ची-मेरी मर्जी सॉफ्टवेयर की होगी शुरूआत, गन्ना उत्पादकों को मिली बड़ी सौगात

सुनील छिक्कार ▶▶| सोनीपत

केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से आमजन को ऑनलाइन सुविधा देने के लिए नए-नए सॉफ्टेवेयर इजात किए जा रहे है। ताकि लोगों को घर बैठे सरकारी योजनाओं को लाभ मिल सके। इसी कड़ी में कमेरे वर्ग में शामिल गन्ना उत्पादकों के लिए सोनीपत चीनी मिल प्रबंधन व इंजीनियर एक के बाद एक सौगात देने का काम कर रहा है। प्रबंधन की तरफ से गन्ना उत्पादकों के लिए मेरी पर्ची-मेरी मर्जी सॉफ्टवेयर तैयार किया है। जिसके अंतर्गत 1 फरवरी से किसान अपनी मर्जी के हिसाब से अपने गन्ने के लिए पर्ची ऑनलाइन तरीके से खुद ही बुक कर पाएंगे। उक्त सॉफ्टवेयर से गन्ने की पर्ची को लेकर रहने वाली टेंशन गन्ना उत्पादकों की दूर हो जायेगी। बता दें कि मौजूदा समय में किसानों को पर्ची सोनीपत चीनी मिल अपनी तरफ से जारी करता है। पर्ची जारी होने के बाद किसान को हर हाल में तय समय पर गन्ना मिल में पहुंचाना पड़ता है। इस दौरान अगर किसानों के पास कोई लेबर समस्या है या फिर उसे अचानक से किसी अन्य काम से दूसरी जगह जाना पड़ता है तो किसान को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। पर्ची के डेट बढ़वाने के लिए चीनी मिल के चक्कर काटने पड़ते है। लेकिन अब इन सब समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। मिल प्रबंधन की तरफ से मेरी पर्ची-मेरी मर्जी सॉफ्टवेयर से गन्ना उत्पादक अपनी मर्जी के हिसाब से पर्ची को बुक कर पाएगा। किसानों के लिए ऐसा सॉफ्टवेयर तैयार करने वाला चीनी मिल देश का पहला ऐसा मिल बन गया है, जहां किसानों को 90 प्रतिशत ऑनलाइन सुविधा प्रदान की जा रही है। सोनीपत चीनी मिल में मौजूदा पेराई सत्र के दौरान अब तक 11 लाख 75 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा किया जा चुका है। सोनीपत चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है।

### किसानों का फायदा होगा



गन्ना उत्पादकों को मिल प्रबंधन की तरफ से हमेश बेहतर सुविधा देने के प्रयास किए जा रहे है। गन्ना उत्पादकों के लिए मेरी पर्ची-मेरी मर्जी सिस्टम शुरू करने का फैसला किया है। यह साफ्टवेयर 1 फरवरी से काम करना शुरू कर देगा। जिसके बाद किसान अपनी मर्जी से अपनी पर्ची बुक कर पाएंगे। ऐसी सुविधा देने वाला चीनी मिल देश में पहला होगा। उक्त सुविधा गन्ना उत्पादकों के लिए बेहत्तर मददगार साबित होगा। उक्त सॉफ्टवेयर मिल में तैनात इंजीनियर की बदौलत किसानों को मिला है। कर्मचारी की मेहनत काबिले तारीफ है।

**संजय कुमार, एमडी सोनीपत चीनी मिल।**

### प्रबंधन की तरफ से ओपन होगा पर्चियों का लोट, पहले आओ-पहले पाओ सिस्टम से होगी ऑनलाइन बुकिंग

नए सिस्टम के तहत सोनीपत चीनी मिल प्रत्येक दिन गन्ने की पर्चियों का एक लोट ओपन करेगा। जिसके बाद किसान हर रोज सुबह 11 बजे से लेकर 12 बजे तक ऑनलाइन तरीके से अपने लिए गन्ने की पर्ची बुक कर पाएंगे। जो किसान पहले बुक करेगा उसकी पर्ची फाइनल हो जाएगी। केवल लोट के अंदर वैध पर्ची धारक किसानों के मोबाइल पर ही यह सुविधा उपलब्ध होगी। यही नहीं एक किसान एक दिन में कितनी गन्ने की पर्ची बुक कर सकता है, इसकी सीमा भी निर्धारित कर दी जाएगी, ताकि सभी किसानों को समान रूप से मौका मिल सके। इस सिस्टम से पर्ची बुक करने के लिए अपनी सुविधा के हिसाब से दिन का चयन कर सकता है।

*मौजूद पेराई सत्र में सोनीपत चीनी मिल की तकनीकी टीम ने अग्रिम टोकन बुकिंग सिस्टम भी लागू किया है। सोनीपत चीनी मिल के प्रोग्रामर इंजीनियर राकेश दहिया ने बताया कि अग्रिम टोकन बुकिंग सिस्टम अब तक पूरी तरह से सफल रहा है। इस सिस्टम के तहत किसान अब आसानी ने ऑनलाइन तरीके से घर बैठे ही अपना टोकन नंबर बुक कर लेते है। चीनी मिल की एप के माध्यम से किसानों को पता चलता रहता है कि मौजूदा समय में किस टोकन का नंबर है।*

### रोहित पर हमला करने वालों का सुराग नहीं

**खरखौदा।** अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन खरखौदा के प्रधान नरेश दहिया के भतीजे रोहित पर हमलावरों ने जानलेवा हमला किया था। आरोपित अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। नरेश दहिया का कहना है कि ग्रामीण पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। पुलिस अभी तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस इस मामले में ढील बरत रही है। सिर में गहरी चोट होने के बाद भी धारा 307 दर्ज नहीं की गई है।

### गीता विद्या मंदिर में बच्चों को पिलाया सुवर्ण प्राशन

**गोहाना।** जब पुष्य नक्षत्र में सुवर्ण प्राशन के रूप में आयुर्वेदिक रस को पिलाया जाता है, तब वह 10 गुणा प्रभावशाली हो जाता है। गुरुवार को यह टिप्पणी डॉ. विजय लक्ष्मी ने की। वह शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर में छोटी कक्षाओं के बच्चो को सुवर्ण प्राशन पिला रही थीं। अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल अश्विनी कुमार ने की। संयोजन शिशु वाटिका प्रमुख सुनीता वर्मा ने किया। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने खुलासा किया कि सुवर्ण प्राशन को सुवर्ण बिंदु प्राशन भी कहा जाता है। उनके अनुसार अच्छे स्वास्थ्य में संतुलित आहार की विशेष भूमिका रहती है। आहार में कमी से प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है।

## भाजपा नेता ने स्कूली बच्चों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर थाना खुर्द गांव के राजकीय उच्च विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा नेता प्रीतम खोखर की अगुवाई में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में उन्होंने सभी को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने छात्रों को बताया कि हर साल 25 जनवरी के दिन राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इसके साथ ही उन्होंने इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। जिसमें उनकी तरफ से कक्षा छटी से 10 कक्षा तक के बच्चें जो पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे उनको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रीतम खोखर ने कहा कि शिक्षा के द्वारा हम सभी क्षेत्र में विजय पा सकते हैं। अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि अध्यापकों को द्वारा जो पढ़ाया जा रहा है उसे ध्यान सुने और समझे। जिससे हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। भाजपा नेता ने बच्चों के साथ साथ स्कूल प्राचार्या शीला देवी व प्राइमरी हेड ज्ञानेंद्र को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान इंस्पेक्टर कृष्ण सिंह, सूबेदार कृष्ण सरोहा ,रणबीर थोलेदर, सुंदर लाल, चंद्रभान, धर्मबीर, अन्य आदि मौजूद रहे।



**खरखौदा।** मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रीतम खोखर। फोटो :हरिभूमि

## शहीदों की बदौलत आज हम खुली हवा में ले रहे सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-सोनीपत मार्ग पर स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि लोकतंत्र में संविधान सर्वोपरि है, हम सब को संविधान का सम्मान करना चाहिए।

महेंद्र सिंह मलिक 75वें गणतंत्र दिवस समारोह पर विद्यार्थियों और अध्यापकों का मार्गदर्शन कर रहे थे। अध्यक्षता प्राचार्य जयवीर रूहिल ने की। इस अवसर पर स्कूली बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। विजेताओं को प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया। चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि 26 जनवरी 1950 वह ऐतिहासिक दिन था जब भारतीय संविधान प्रभावी हुआ था। प्राचार्य जयवीर रूहिल ने कहा कि देश अपने उन ज्ञात-अज्ञात शहीदों और स्वाधीनता सेनानियों का ऋण नहीं उतार सकता जिनकी वजह से हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इस मौके पर शिक्षक भी मौजूद रहे।




**गोहाना।** हरियाणवी लोक नृत्य से अपनी प्रतिभा की छटा बिखेरते हुए छात्राएं।


## संकल्प यात्रा का किया स्वागत



**खरखौदा।** लोगों को संबोधित करते जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

संकल्प यात्रा पहले खरखौदा के वार्ड 15 की एससी चौपाल और इसके बाद वार्ड नंबर-2 कम्युनिटी सेंटर पहुंची। जहां पहुंचने पर जनसंवाद कार्यक्रम की मुख्यातिथि जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया व शहरवासियों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। मोनिका दहिया ने कहा कि मोदी-मनोहर के नेतृत्व में देश-प्रदेश में गरीबों के कल्याण एवं उत्थान के लिए बहुत योजनाएं चलाई गई है इसका लाभ जरूरतमंदों को मिल रहा है। सरकार ह्यअंत्योदयह्ण की भावना से जनसेवा का काम कर रही है। वार्ड नंबर-2 के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में एससी आयोग की सदस्य एवं पूर्व प्रत्याशी मीना नरवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, महिला, किसान व युवाओं को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास किए हैं। संकल्प यात्रा में वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है। सरकार लोगों के घर द्वार पर पहुंच कर उन्हें योजनाओं का लाभ दे रही है ताकि गरीब व्यक्तियों का जीवन स्तर सुधर सके। इस मौके पर एसडीएम डॉ अनमोल, खरखौदा ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, मनीष नरवाल, सुनील पांचाल, भाजपा नेता सुनील सरोहा सहित अन्य मौजूद रहे।



**गोहाना।** बाबा भलेगिरी महाराज से आशीर्वाद लेते हुए विधायक इन्दुराज नरवाल व श्रद्धालु नान्हा नरवाल। फोटो : हरिभूमि

### बाबा भलेगिरी की 33 दिन की जलधारा तपस्या पूर्ण

**गोहाना।** पौष माह की पवित्र पूर्णिमा के दिन गुरुवार को महंत बाबा भलेगिरी जी महाराज द्वारा तैंतीस दिनों तक की गई जलधारा जपस्या पूर्ण पूर्ण हो गई। जलधारा तपस्या के समापन पर श्रद्धालु बाबा से आशीर्वाद लेने पहुंचे। बरोदा हलका के विधायक इन्दुराज नरवाल ने भी मंदिर में पहुंचकर मत्था टेका और बाबा भलेगिरी से आशीर्वाद लिया। गांव रिंढाणा में शीतला माता का प्राचीन मंदिर है। बाबा भलेगिरी महाराज इसी मंदिर में रहते हैं। वे हर वर्ष सर्दी के मौसम में जलधारा तपस्या और गर्मी के मौसम में पंचधूनी अग्नि तपस्या करते हैं। इसी क्रम में बाबा भलेगिरी महाराज द्वारा इस बार भी सर्दी के मौसम में 33 दिनों तक जलधारा तपस्या की गई। बाबा द्वारा बीती 24 दिसंबर से 5 मटकों के पानी से तलधारा तपस्या शुरू की थी। आखिरी दिन तक पानी के मटकों की संख्या 108 तक पहुंच गई थी। जलधारा तपस्या के समापन पर मंदिर में भंडारा लगाया गया। भंडारे में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे और अपने घर व समाज में सुख-समृद्धि की कामना की।

## विज्ञान प्रदर्शनी में जीते पुरस्कार

- फिजिक्स में जीवीएम की छात्राएं रही अव्वल, सायक्लॉजी में हासिल किया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोहतक और सोनीपत के कालेजों के लिए आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्राओं ने दो पुरस्कार जीते हैं, जिनमें एक प्रथम पुरस्कार शामिल है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजूला सपाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। जीवीएम की साइंस फैकल्टी की डीन डा. रश्मि जावा ने बताया कि राजकीय महिला विद्यालय रोहतक के तत्वावधान में 24 जनवरी को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें रोहतक और सोनीपत जिला के कालेजों ने हिस्सा लिया।



विज्ञान प्रदर्शनी में सात विषय शामिल किये गये, जिनमें बोटनी, जूलॉजी, कैमिस्ट्री, फिजिक्स, कंप्यूटर साइंस, ज्योग्रफी और सायक्लॉजी सम्मिलित थे। कालेज लौटने पर विजेता टीमों का प्राचार्या डा. मंजूला सपाह ने स्वागत किया। इस मौके पर फिजिक्स की प्राध्यापिकाओं विभागाध्यक्ष पुनीता बतरा, डा. संगीता सिंह व कीर्ति और सायक्लॉजी की प्राध्यापिकाओं विभागाध्यक्ष जैस्मिन व अर्चना ने भी विजेताओं को बधाई देते हुए उनका अभिनंदन किया।



**खरखौदा।** दुर्घटना में पलटा टैंपो व बिखरा सामान व कार्रवाई करती पुलिस।

## बस और टैंपो की टक्कर में कई घायल, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज . खरखौदा

खरखौदा सोनीपत बाईपास चौराहे पर प्राइवेट बस व एक टेंपो की टक्कर में आधा दर्जन बस सवार घायल हो गए।जिन्हें खरखौदा के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया। घायलों में खरखौदा आईटीआई की इंस्पेक्टर प्रीति व लाइब्रेरियन सविता भी शामिल हैं। घायल प्रीति व सविता ने बताया कि प्राइवेट बस खरखौदा बस स्टैंड से सवारी लेकर सोनीपत के लिए चली थी। बस जैसे ही खरखौदा सोनीपत बाईपास चौराहे पर पहुंची तो दूसरी तरफ से एक तेज गति से अचानक टेंपो आ गया , उसे बचाने के चक्कर में बस चालक ने अचानक ब्रेक लगाने पड़े । जिससे करीब आधा दर्जन से अधिक सवारियां घायल हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**धर्म-कर्म** | अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा पर कार्यक्रम

# बच्चों ने रामायण की झांकी प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया

**राम विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण व भंडारा लगाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिवा शिक्षा सदन में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर रामोऽहम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत राम विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण, भंडारा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं साइक्लोथॉन नाम से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में बच्चों को अयोध्या में हो रहे श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दर्शन कराए गए।

उसके उपरांत बच्चों और समाज के लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसमें लगभग 3000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बच्चों ने रामायण को झांकी के रूप में भी प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 110 बच्चों ने अलग-अलग विचार, नाटक, कविता-पाठ, सामूहिक-नृत्य आदि के माध्यम से उत्सव को एक अलग पहचान दी। कार्यक्रम में भगवान राम के सान्निध्य में मुख्यातिथि के तौर पर सांसद रमेश कौशिक ने उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक मोहन लाल बड़ौली, पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व चेयरमैन ललित बतरा, सीएम विंडों के समाधान सहयोगी तरुण देवीदास, नगर पार्षद अतुल जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में विधायक मोहन लाल बड़ौली और पूर्व मंत्री कविता जैन ने हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन को रवाना किया। जिसमें 530 बच्चों और 110 शिवा परिवार के लोग राम नाम में झूमते हुए अग्रवाल-धर्मशाला पहुंचे। जहां मंदिर में समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर एवं बच्चों को उपहार देकर एवं जलपान देकर इस साइक्लोथॉन यात्रा का भव्य स्वागत किया।

राम मंदिर पहुंचे बच्चों ने हनुमान-चालीसा का पाठ किया जिसकी अध्यक्षता भाजपा नेता राजीव जैन ने की। बच्चों ने 1008 दिए जलाकर मंदिर को जगमग किया। इस राममय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए वीरेंद्र बंसल, हंसराज तनेजा, अरुण बंसल, शिवानी बंसल, प्रधानाचार्या अलका विज, वरिष्ठ कार्य-प्रभारी ज्योति तनेजा, समन्वयकर्ता ज्योति शर्मा, मूलभूत प्राथमिक प्रभारी अर्चना कामरा आदि उपस्थित रहे।



### आठ गोशालाओं को सौंपे 80 लाख के चेक

**गन्नौर।** गढ़ी केसरी स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी गोशाला सेवा समिति में गुरुवार को कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सांसद रमेश कौशिक बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। सांसद व विधायक ने हरियाणा सरकार द्वारा गन्नौर की 8 गोशालाओं को मिले 80 लाख 39 हजार 250 रुपये की अनुदान राशि के चेक गोशाला संचालकों को सौंपे। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि सरकार गोशालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, श्रीकृष्ण प्रणामी गोशाला सेवा समिति के प्रधान सतपाल शर्मा, श्री गोशाला गन्नौर मंडी के प्रधान कृष्ण राठी, भोपाल रापरिया के अलावा विभिन्न गोशालाओं के प्रधान मौजूद रहे। गोशाला, सांदल कलां को 4 लाख 17 हजार 750 रुपये, राजपुर गोशाला सेवा समिति को 1 लाख 77 हजार रुपये, श्री गोरक्षणी सनातन धर्म सभा गोशाला, गढ़ी झझारा को 15 लाख 86 हजार 250 रुपये, श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला सेवा समिति, गढ़ी केसरी को 21 लाख 15 हजार 750 रुपये, श्री गोशाला गन्नौर मंडी को 23 लाख 70 हजार रुपये, वर्धमान बाबा जुगतीनाथ नव युवक गोशाला व अन्य को चेक भेंट किए।

## खबर संक्षेप

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल की प्राचार्या सम्मानित

**सोनीपत।** यूनिवर्सल मेंशन्स एसोसिएशन द्वारा एडुलीडर्स समिट व अवार्ड्स कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 22 जनवरी को किया गया। इसमें ब्राइट स्कॉलर स्कूल प्राचार्या किरण दलाल को प्रिंसिपल ऑफ द ईयर 2024 अवार्ड से नवाजा गया। उनको यह अवार्ड उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दिए उल्लेखनीय योगदान व बच्चों के सर्वांगीण विकास में निभाई उनकी भूमिका के बलबूते मिला है।

### ट्रक से कार टकराई हादसे में एक की मौत

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर आगे चल रहे ट्रक में कार टकराई गई। हादसे में कार सवार पांच दोस्त घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य का उपचार किया गया। हादसे की सूचना पर पहुंची कुंडली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को अदालत के आदेश के बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपांशु निवासी राजीव कॉलोनी का है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान रोहट पुल के पास मौजूद थी। उसी दौरान अमनदीप उर्फ पहलवान को एक अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद किया था।

### समिति ने जींद चलने का किया आह्वान

**सोनीपत।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति सोनीपत विभिन्न विभागों ने वीरवार को संपर्क अभियान चलाया, इसके लिए 2 टीम बनाई गई और अलग-अलग विद्यालयों में पहुंचीं। जिला प्रधान एमपी सिंह, जिला महिला विंग प्रधान गीता राजपूत, जिला महासचिन अजय दाहिया, ज्योति दहिया, बिजली विभाग से राजकुमार, सतीश चहल ने कर्मचारियों से एकजुट होकर जींद चलने का आह्वान किया।

### आज देश में हर वर्ग परेशानः राजीव वर्मा

**सोनीपत।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव व दलित पिछड़ा शोषित आवाज मंच के प्रदेशाध्यक्ष राजीव वर्मा ने कहा कि आज देश में हर वर्ग परेशान है। मजदूर, किसान, सरकारी व प्राइवेट कर्मचारी, ड्राइवर, आशा वर्कर सभी वर्ग परेशान है। राजीव वर्मा वीरवार को कार्यालय में मंच के सदस्यों और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

### सांड की टक्कर से घायल ग्रामीणों ने तोड़ा दम

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव चिटाना में बेसहारा सांड घूम रहे है। वह अक्सर ग्रामीणों को टक्कर मार दी थी। साथ ही ग्रामीणों के पालतू पशुओं को भी नुकसान पहुंचा रहे थे। ऐसे में ग्रामीण 14 जनवरी को एक बेसहारा सांड को पकड़कर गोशाला में भेजने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान अमनदीप भी गांव के अड्डे की तरफ चला गया। सांड ने वहां से भागते अमनदीप को टक्कर मार दी थी। जिससे वह जमीन पर गिए गए थे। उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्राओं को वर्चुअल माध्यम से किया संबोधित

# विश्व के सबसे बड़ी लोकतंत्र में वोट की जिम्मेदारी निभाएं युवा

### महिला विवि में मतदाता दिवस पर नमो नव मतदाता सम्मेलन से किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित नमो नव मतदाता सम्मेलन से भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कला में छात्राओं को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित किया। उन्होंने युवा शक्ति को नमन करते कहा कि 18 से 25 वर्ष का जीवन बदलाव की आयु होती है। इसी बदलाव में दुनिया के सबसे बड़ी लोकतंत्र में भागीदारी वोट की जिम्मेदारी भी युवा निभाएं। मतदाता सूचि में नाम आते ही लोकतंत्र का हिस्सा बन जाते हैं। भारत का अमृत काल शुरू हो गया है। अगले 25 साल आपके लिए व देश के लिए महत्वपूर्ण है। विकसित भारत का लक्ष्य 2047 मिशन शुरू हो गया है। देश का युवा विकसित भारत बनने का लक्ष्य तय करेगा। 1947 में देश की आजादी से पहले 25 वर्षों तक देश के युवा पर देश को आजाद करवाने की जिम्मेदारी थी। अब 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की जिम्मेदारी भी युवाओं पर है। विवि की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता हुडा ने छात्राओं को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई।



**सोनीपत।** दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

### सांसद ने मतदान करने के लिए किया प्रोत्साहित

**सोनीपत।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए सांसद रमेश कौशिक ने मतदाताओं को मतदान के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। उन्होंने मत और मतदान के प्रति युवा मतदाताओं को जागरूक करते इसके महत्व से अवगत करवाया। वे गुरूवार को जीवीएम गर्ल्स कालेज में जिला निर्वाचन कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस में उपस्थित मतदाताओं को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता कर रहे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने की। इस मौके पर उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने उपस्थित जनसमूह को मतदान की शपथ भी दिलाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर हमें संकल्प लेना चाहिए। अन्य मतदाताओं को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इस दौरान मत-मतदान-मतदाता दिवस को लेकर करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कविता जैन, एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, इलैक्शन तहसीलदार सरला कौशिक, जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डॉ. ओपी परूथी, जीवीएम की प्राचार्या डा. मंजूला सपाह आदि मौजूद रहे।



**खरखौदा।** मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री का संदेश सुनते हुए।

**खरखौदा।** मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री का संदेश सुनते हुए।

## मतदाता दिवस पर कन्या महाविद्यालय में सेमिनार

**खरखौदा।** मतदाता दिवस पर कन्या महाविद्यालय में सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को वर्चुअल तरीके से बड़ी स्क्रीन लगाकर कालेज की छात्राओं व युवाओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांरटी के बारे में कहा कि 18 से अधिक आयु के युवाओं को मतदाता बनने के लिए भाजपा सरकार ने विशेष अभियान चलाकर उन्हें जोड़ा है। उन्होंने कहा कि देश निरंतर उन्नति की तरफ बढ़ रहा है। बुलेट ट्रेन भी देश में चलेगी। एक करोड़ से अधिक परिवारों के घरों में सोलर सिस्टम से रोशनी उपलब्ध करवाई जाएगी। देश का विकास कराना ही मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर प्रदेश युवा मोर्चा भाजपा महामंत्री अभिनव, संयोजक मीना नरवाल, योगेश जठेड़ी, पूर्व चेयरमैन राजबीर, जिप चेयरपर्सन मोनिका दहिया, प्रिंसीपल दर्शना, परविंद्र फौजी, सतपाल सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।



**खरखौदा।** सर्वश्रेष्ठ बीएलओ का सम्मान ग्रहण करते राजेश कुमार। फोटो :हरिभूमि

## जेबीटी अध्यापक राजेश कुमार सर्वश्रेष्ठ बीएलओ

### डीसी ने प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खरखौदा के बूथ नंबर 135 के बीएलओ एवं मंडोरा प्राथमिक स्कूल के जेबीटी अध्यापक राजेश कुमार को सर्वश्रेष्ठ बीएलओ घोषित किया गया है। सोनीपत में आयोजित समारोह में उपायुक्त द्वारा उन्हें प्रशस्ति-पत्र व 2000 रुपये की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया गया। अध्यापक राजेश कुमार का कहना है कि बात चाहे बच्चों को शिक्षित करने की हो या फिर प्रशासन द्वारा सौंपी गई अन्य जिम्मेवारी की हो। वे अपनी जिम्मेवारी को बखूबी निभाते हैं और इसी तरह से भविष्य में भी निभाते रहेंगे। उनका संदेश है कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में अपने कर्तव्य को ईमानदारी से करना चाहिए।



**गोहाना।** जनसभा को संबोधित करते डॉ. अजय चौटाला। फोटो : हरिभूमि

## दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें

- छात्रों को सड़क सुरक्षा जागरूकता नियमों के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

भोगीपूर गांव के सूधन सिंह आधुनिक मिडल स्कूल में आरएसकेसी द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इस्टैंक्टर प्रवीन राठी ने पहुंचकर छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। स्कूल पहुंचने पर मुख्याध्यापिका सुमन रानी व प्रबंधक नवीन राठी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस्टैंक्टर प्रवीन राठी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ उनके पालन की शपथ भी दिलाई गई। राठी ने कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। यह भी कहा कि नियमों के पालन से दुर्घटनाओं में कमी आती है। मुख्याध्यापिका सुमन रानी ने कहा कि सड़क पर चलते समय छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। इसलिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी है। प्रबंधक नवीन राठी ने कार्यक्रम में आयोजन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का ज्ञान होना बहुत जरूरी है।





जागरूक करते इस्टैंक्टर प्रवीन राठी साथ में मुख्याध्यापिका सुमन राठी व अन्य।

### रुपये देने से मना किया तो हमला करके किया घायल

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में रुपये न देने पर युवक को नुकीली वस्तु से हमला कर घायल करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव फाजिलपुर निवासी रवि ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। गत 24 जनवरी को देर शाम करीब पांच बजे अपने घर से सोनीपत शहर में जा रहा था। वह घर से थोड़ी दूर ही चला था। उसी दौरान विकास नाम का युवक मिला। उसके हाथ में नुकीली वस्तु थी। वह उससे रुपये मांगने लगा। उसने मना किया तो वह उसके साथ मारपीट करने लगा। बचाव के लिए वह भागकर घर में घुस गया। उसके बाद आरोपित ने घर के सामने खड़ी स्कूटी व मोटरसाइकिल को तोड़ दिया। भीड़ इक्ट्ठी होती देख आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

## संगठन मजबूत होगा तभी बनेगी सरकार : डॉ. अजय

**गोहाना।** जजपा सुप्रीमो डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि अपने संगठन को मजबूत बनाएं, मजबूत संगठन से ही आपकी सरकार बनेगी। वह गांव बरोदा में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता शीलू खासा ने की। डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए एक बूथ एक योद्धा एवं एक बूथ एक सखी की नियुक्ति की गई है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करें। इससे पार्टी की हवा बनेगी और मिशन दुष्यंत 2024 को पूरा करके जजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कई गुटों में बंटी हुई है। जजपा के प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह ने भी कहा कि सौ साल से पुरानी पार्टी कांग्रेस का आज क्या हाल है, वह किसी से छुपा नहीं है। इस मौके पर राज सिंह दहिया, रमेश खटक, भूपेंद्र मलिक, जोनी लठवाल, हवा सिंह वर्मा, निर्मला मोई, किरण भाटिया, डॉ. राममेहर राठी, अशोक मोर, दीपक नरवाल, रितेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



**गोहाना।** विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए एसडीएम आशीष वशिष्ठ, साथ में हैं गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

### लोगों को घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभ : आशीष

**गोहाना।** एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने कहा कि आज राज्य सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र की मदद से लोगों को घर बैठे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। लोगों को आसानी व सुगमता से योजनाओं को शत-प्रतिशत लाभ मिल रहा है। अब लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कायालर्यों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। वे गुरुवार को शहर में जींद मार्ग स्थित नई अनाजमंडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनसंवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। पात्र लोगों तक केन्द्र व प्रदेश सरकार की सरकारी योजनाओं का पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शहर की नई अनाजमंडी और स्वर्ण जंयती पार्क में पहुंची। नई अनाजमंडी में एसडीएम आशीष वशिष्ठ और स्वर्ण जयंती पार्क में नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने बतौर मुख्यातिथि जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एसडीएम ने लोगों को शपथ दिलाई कि वे भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे और भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे।

### छात्र ने सड़क पर मिला पर्स दंपती को वापस लौटाया

**गोहाना।** शहर की गीता कालोनी निवासी कक्षा 8वीं के छात्र यश ने सडक पर पड़ा पर्रस वापस लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया है। पर्स में 10 हजार रनुये नकदी और आवश्यक दस्तावेज थे। छात्र की इस ईमानदारी को लेकर कालोनी के लोगों और स्कूल ने भी उनकी खूब सराहना की। गीता कालोनी निवासी भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील वत्स का बेटा यश पानीपत रोड पर एक निजी स्कूल में पढ़ता है। गुरुवार प्रातः स्कूल जाने के लिए वह गीता स्कूल के पास अपनी स्कूल बस के इंतजार में खड़ा था। तभी वहां से गुजरते समय दंपती सतीश और गीता देवी का पर्स सडक पर गिर गया। यश ने पर्स उठाकर उसे लौटाने के लिए बाइक सवार दंपती को आवाज लगाई लेकिन आवाज सुनाई न देने पर वे चले गए। उसी दौरान यश की स्कूल बस आ गई। ऐसे में यश ने अपने पड़ौसी पूर्व शिक्षक राजेश को पूरी जानकारी दी उसे पर्स सौंप दिया। कुछ देर बाद राजेश ने उक्त दंपती का पता किया और यश के साथ उनके स्कूल में दंपति को पर्स लौटा दिया।



**गोहाना।** यश, उसके पिता सुनील वत्स और पूर्व शिक्षक राजेश दंपती को उसका पर्स लौटाते हुए। फोटो : हरिभूमि





### गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन

# मां भारती की वंदना कर मनाया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में मां भारती की वंदना करते गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा तथा विद्यालय निदेशक रीमा शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या चंचल शर्मा, पुष्प लता भी उपस्थित रही। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा वीरों को श्रद्धांजलि दी गई। छात्रों में गीत, नृत्य और काव्य के माध्यम से अपने विचारों को सभी के समक्ष रखे। विद्यालय निदेशक रीमा शर्मा ने ने भी इस विशेष मौके पर अपने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और सभी को संबोधित करते कहा कि भारत एक अनोखा राष्ट्र है, जिसका निर्माण विविध भाषा, संस्कृति, धर्म के तानो बानो, अहिंसा और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित स्वतंत्रता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बांध कर हुआ है।





**गोहाना।** कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### कल्पना चावला विद्यापीठ में गणतंत्र दिवस मनाया

**खरखौदा।** खांडा रोड स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मंच का संचालन हिंदी अध्यापिका सुमन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

**सरपंच ग्राम पंचायत घड़वाल**
**खण्ड कथूरा, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा-131301**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जो भी व्यक्ति ग्राम पंचायत घड़वाल खण्ड कथूरा जिला सोनीपत में सफाईकर्मी के पद पर कार्य करने का इच्छुक हो वह अपना आवेदन पत्र दिनांक 05.02.2024 तक ग्राम पंचायत घड़वाल के पास जमा करवा सकता है।

हस्ता/-सरपंच,
ग्राम पंचायत घड़वाल
मो. नं. 8930566928



# पीएम ने किया शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का स्वागत करते हुए।

- राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय गुरूवार को एक निजी विश्वविद्यालय का दौरा किया
- राज्यपाल ने कहा कि नैतिक मूल्यों व सामाजिक दायित्व के समावेश के साथ शिक्षा का न हो व्यवसायीकरण

. हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों के साथ सामाजिक दायित्व के समावेश की आवश्यकता जताई। साथ ही उन्होंने बल दिया कि शिक्षा का व्यवसायीकरण नहीं होना चाहिए। व्यवसायीकरण से शिक्षा आम जन के सामर्थ्य में नहीं रहती।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय गुरूवार को एक निजी विश्वविद्यालय का दौरा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यहां उन्हें नई विशेषता देखने को मिली है। कई बार जो बड़ा दिखता है वहां परिणाम नहीं मिलते और जो खुद को दिखाता नहीं है वहां अच्छे परिणाम देखने को मिलते हैं। यहां शत-प्रतिशत भारतीयता दिखाई देती है।

राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन किया है। नई शिक्षा नीति को देश में लागू किया जाएगा जो एक बड़ी गेम चेंजर साबित होगी। देश में हर साल लाखों विद्यार्थी डिग्री हासिल करते हैं। शिक्षा आत्मनिर्भर बनाने वाली होनी चाहिए। शिक्षा उद्देश्यपरक होनी चाहिए। इस दिशा में नई शिक्षा नीति लाई गई है, जिसमें नैतिक मूल्यों के साथ वैज्ञानिकता भी है। नई शिक्षा नीति में व्यवस्था है कि एक साथ दो डिग्री की जा सकती है। साथ ही विषयों में बदलाव की सुविधा भी रहेगी। नई शिक्षा नीति युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं अपितु रोजगार देने वाला बनायेगी। राज्यपाल ने उनके जीवन को नई दिशा देने वाले प्रेरक व्यक्तित्व डा. मनोज शिंदे का स्मरण करते हुए अपने जीवन में हुए परिवर्तन की कहानी भी सुनाई। डा. शिंदे ने उन्हें समाज के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहन दिया, जिसके चलते उन्होंने बैंक की नौकरी भी नहीं की। अपितु 1968 में घर त्याग कर समाजसेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर उपायुक्त डा. मनोज कुमार, डीसीपी गौरव राजपुरोहित आदि मौजूद रहे।

## पीपली में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**खरखौदा।** गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है, जो पीपली गांव के शराब ठेके के पास नाले में पड़ा हुआ था। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं है। शव के पास एक मोबाइल फोन मिला है। फिलहाल खरखौदा पुलिस मौके पर पहुंच कर कार्यवाही कर रही है। कई दिन पहले भी खरखौदा पुलिस को 2 अज्ञात शव बरामद हो चुके है। जिनकी अभी तक कोई शिनाख्त नहीं हुई है। जिसमें एक शव झरोठ-खांडा रोड पर खेतों में बरामद हुआ था। जबकि एक शव पाई माइनर में बरोणा गांव के पास मिला था। अब उसके बाद तीसरा शव वीरवार को गांव पिपली से सैदपुर की तरफ केएमपी फ्लाईओवर के पास एक ठेके के पास बने हुए नाले के अंदर पड़ा मिला है।

# सोनीपत के सेक्टर 23 में 4 को आर्य महासम्मेलन



खरखौदा। मीटिंग में उपस्थित प्रमुख आर्य समाजी।

**खरखौदा।** आर्य समाज के प्रतिनिधियों की एक बैठक खरखौदा की अनाज मंडी में हुई। हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा के पूर्व प्रधान मास्टर रामपाल दहिया ने बताया कि इस बार महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती सोनीपत के सेक्टर 23 में आर्य महासम्मेलन के रूप में मनाई जाएगी। खरखौदा सहित हर ब्लाक से बड़ी संख्या में आर्य समाज के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। उन्होंने उपस्थित जनों से अपील की है कि प्रस्तावित कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। इस मौके पर मंडी प्रधान नरेश दहिया, पूर्व सरपंच कृष्ण दहिया, दिलावर, यशवीर शास्त्री, धर्मपाल आर्य, विक्की, प्रेम आर्य, सतबीर, कांशीराम, धर्मवीर, वीरेंद्र, संजय, पप्पू, सुभाष आर्य, सत्यवान सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# राजपुर के शिव मंदिर में लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ग्रामीणों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गांव राजपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में बाबा सत्यनाथ महाराज की जलधारा तपस्या के समापन पर गुरुवार को सत्संग कर विशाल भंडारा लगाया गया। मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उन्होंने भंडारा में सेवा देने के साथ ही प्रसाद ग्रहण किया। बताया जाता है कि बाबा सत्यनाथ महाराज की तपस्या के लिए सायं के समय साफ-सुथरे 108 मटकों में ठंडा पानी भरा जाता। रात भर खुले आसमान के नीचे मटकों को रखा जाता तथा सुबह बाबा सत्यनाथ मटके के नीचे से निकलने वाली पानी की धारा में बैठ जाते। मटकों में भरे पानी की धारा जब तक चलती तब तक बाबा उसके नीचे बैठकर ध्यान में रहते थे। कार्यक्रम में समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि संत समाज के उत्थान के लिए काम करते हैं। मौके पर सुरेंद्र सिंह, आनंद सिंह, कपिल सरपंच, हरनारायण पूर्व सरपंच, सोनू राठी, हरिओम, पार्श आदि मौजूद रहे।

# भारत को असली आजादी 26 जनवरी 1950 मिली

**गोहाना।** गोहाना-पानीपत मार्ग पर स्थित दून पब्लिक स्कूल में गुरुवार को गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि मुंडलाना खंड के बीईओ बसंत ढिल्लों ने कहा कि अंग्रेजों के चंगुल से देश भले ही 15 अगस्त 1947 को आजाद हो गया था, पर बाद में अंग्रेजों के ही कानून लागू रहने से देश को असली आजादी 26 जनवरी 1950 को तब मिली थी जब भारत ने अपने संविधान को अपनाया था। विशिष्ट अतिथि रामपाल धनखड़ रहे। संयुक्त अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार और उप प्रबंधक विक्रांत कुमार ने की। संयोजन प्रिंसिपल ज्योति छाबड़ा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बीईओ बसंत ढिल्लों ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा पूरे माहौल को राष्ट्र प्रेम से सराबोर कर दिया। बीईओ ने गणतंत्र दिवस के महत्व को बताया।









